गुरुवार 13 जून 2019
हिन्दुस्तान

एक्वा लाइन व एक्सप्रेस वे के ऊपर से गुजरेगा डीएफसी

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

बोडाकी से रेवाड़ी तक बनाए जा रहे डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर(डीएफसी) नोएडा-ग्रेनो मेट्रो व नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे के ऊपर से गुजरेगा। इसके लिए इनके ऊपर से ब्रिज बनाया जाएगा। यह ब्रिज सेक्टर-146 मेट्रो स्टेशन के पास ऊपर से गुजरेगा।

ब्रिज का निर्माण डीएफसी ऑफ इंडिया लिमिटेड अगले सप्ताह में शुरू करा देगा। इसका निर्माण एलएनटी कर रही है। एक्सप्रेस वे पर निर्माण के समय ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि डीएफसी के लिए सेक्टर-146 के पास एक रेलवे ब्रिज बनाया जाएगा। यह ब्रिज नोएडा-ग्रेनो की एक्वा लाइन व एक्सप्रेस वे के ऊपर से होते हुए निकलेगा। इसकी लंबाई 250 मीटर व चौड़ाई 10 प्वाइंट 5 मीटर की होगी। इस ब्रिज पर दो ट्रैक बिछाए जाएंगे। ब्रिज के दो किनारे होंगे। यहां पर 9 पिलर बनाए जाएंगे।

तैयारी

- अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा ब्रिज का निर्माण कार्य
- 250 मीटर लंबा और 10 प्वाइंट 5 मीटर चौड़ा होगा ब्रिज

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर इसकी ऊंचाई 6 प्वाइंट 58 मीटर होगी, जबकि मेट्रो लाइन से इसकी ऊंचाई 5 मीटर से अधिक होगी। अधिकारियों ने बताया कि पिलर निर्माण के लिए खुदाई का काम किया जाएगा। ऐसे में इस काम से प्राधिकरण की कोई लाइन क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए बुधवार को प्राधिकरण कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि सोमवार को प्राधिकरण व निर्माण कंपनी के अधिकारी मौके पर जाकर आ रही अड़चनों को दूर करेंगे।